# टाइगर के साथ कृति शेट्टी का धमाकेदार एक्शन डेब्यू!

**बॉलीवुड** और दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री कृति शेट्टी जल्द ही अभिनेता टाइगर श्रॉफ के साथ एक्शन थ्रिलर फिल्म में नजर आ सकती हैं. यह खबर फिल्म प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बन गई है. टाइगर श्रॉफ ने अपनी अगली फिल्म के लिए जाने-माने निर्देशक मिलाप जावेरी से हाथ मिलाया है. फिल्म टी-सीरीज के बैनर तले प्रोड्यूस की जाएगी और इसे एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर के रूप में पेश किया जाएगा. चर्चा है कि इस फिल्म में कृति शेट्टी को लीड रोल में देखा जाएगा. फिल्म की शूटिंग 21 जनवरी से शुरू होगी और इसे दो महीने के शेड्यूल में पूरा करने की योजना बनाई गई है. मुंबई की अलग-अलग लोकेशंस पर फिल्माए जाने वाले एक्शन सीन्स फिल्म की कहानी में रोमांच और उर्जा भर देंगे. मेकर्स का कहना है कि यह फिल्म 2026 के दूसरे हाफ में रिलीज होगी और इसे दर्शकों के लिए थ्रिल और मनोरंजन का बेमिसाल पैकेज बनाया जाएगा. फिल्म के लोकेशंस, हाई-ऑक्टेन एक्शन और कलाकारों की केमिस्ट्री को लेकर पहले ही सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई है.

फिल्म इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि कृति शेट्टी का टाइगर श्रॉफ के साथ ऑन-स्क्रीन डेब्यू दर्शकों के लिए एक बड़ा आकर्षण साबित हो सकता है. टाइगर के स्टंट और कृति की स्क्रीन प्रेजेंस फिल्म को बॉक्स ऑफिस हिट बनाने की संभावना बढ़ा रहे हैं. बॉलीवुड में एक्शन और थ्रिलर फिल्में हमेशा दर्शकों को आकर्षित करती रही हैं और इस फिल्म से उम्मीद जताई जा रही है कि यह नया साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बन सकती है.



# जैकलीन ने अपने पुराने स्कूल का किया दौरा

**बॉलीवुड** अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज़ ने हाल ही में अपने अल्मा मेटर सेक्रेड हार्ट स्कूल का दौरा किया, और वहां की यादों को जीवंत कर दिया. अपनी चमकदार मौजूदगी, दयालु स्वभाव और ज़मीन से जुड़े व्यक्तित्व के लिए जानी जाने वाली जैकलीन ने स्कूल कैंपस में अपनी सकारात्मक ऊर्जा बिखेरी, जिससे छात्र, शिक्षक और स्टाफ भावुक हो उठे. यह दौरा केवल पुराने दिनों को याद करने का नहीं था, बल्कि उन जड़ों और मूल्यों का उत्सव भी था जिन्होंने जैकलीन को बनाया. छोटे छात्रों से बातचीत करते हुए उनकी सहज गर्मजोशी और सच्चाई साफ़ झलक रही थी. उन्होंने छात्र-छात्राओं के चेहरे पर मुस्कानें बिखेरीं, उन्हें हौसला दिया और प्रेरणा जगाई.

जैकलीन ने इस अनुभव को सोशल मीडिया पर साझा किया और भावुक कैप्शन के जरिए अपने उस पल की भावना बयां की, जो लोगों के दिलों को छू गया. उन्होंने लिखा, 'यहाँ अपने पुराने स्कूल में वापस आकर सब कुछ कितना अवास्तविक-सा लगा! सेक्रेड हार्ट स्कूल! इस शानदार स्वागत के लिए धन्यवाद.' अभिनेत्री की यह यात्रा उनकी करुणा, सकारात्मक ऊर्जा और हर पीढ़ी के लोगों से जुड़ने की क्षमता को और मज़बूत करती है. ये पल उनकी उस छवि को और उजागर करते हैं जिसमें वे सफलता को विनम्रता से जीते हुए अपनी जड़ों से गहराई से जुड़ी रहती हैं. जैकलीन फर्नांडीज़ अपनी अगली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगी. यह प्रोजेक्ट उनके सफर का एक नया और रोमांचक अध्याय जोड़ता है, जो मनोरंजन, भव्यता और उनकी खास स्क्रीन मौजूदगी का वादा करता है.

फिल्म प्रेमियों और फैंस के लिए यह दौरा यह याद दिलाता है कि जैकलीन न केवल स्क्रीन पर बल्कि असल जिंदगी में भी प्रेरणा का स्रोत हैं. उनका यह कदम दर्शाता है कि सफलता के बावजूद वे अपनी जड़ों और मूल्यों से जुड़े रहते हुए समाज और नई पीढ़ी से जुड़ाव बनाए रखती हैं.



# फिल्म द केरल स्टोरी 2 की शूटिंग हुई पूरी



**बॉलीवुड** के जानेमाने फिल्मकार विपुल अमृतलाल शाह की आने वाली फिल्म द केरल स्टोरी 2 की शूटिंग हुई पूरी हो गयी है विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म द केरला स्टोरी के रिलीज़ ने काफी हलचल मचा दी थी. अपनी प्रभावशाली कहानी के कारण फिल्म ने दर्शकों पर गहरा असर छोड़ा और बेस्ट डायरेक्शन और बेस्ट सिनेमैटोग्राफी के लिए नेशनल अवॉर्ड भी जीते. बताया जा रहा है कि विपुल अमृतलाल शाह की प्रोडक्शन में बनी द केरला स्टोरी 2 को बहुत कड़ी सुरक्षा में शूट किया गया है. चर्चा है कि यह फिल्म 27 फरवरी 2026 को रिलीज़ होने वाली है.

द केरला स्टोरी 2 की कहानी पहले से भी गहरी और गंभीर होगी. द केरला स्टोरी 2 के कास्ट और डायरेक्टर की जानकारी अभी गुप्त रखी जा रही है. द केरला स्टोरी 2 को बेहद कंट्रोल और सुरक्षित तरीके से शूट किया गया है. निर्माता विपुल अमृतलाल शाह नहीं चाहते थे कि शूटिंग के दौरान कोई परेशानी सामने आए. शूटिंग के दौरान कास्ट और क्रू को अपने फोन का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं थी, जिससे सेट से कोई जानकारी लीक न हो सके.

# रिश्ते में प्यार और सम्मान सबसे अहम : हिना

**टीवी** इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री हिना खान ने हाल ही में अपने निजी जीवन को लेकर एक बेहद भावुक और ईमानदार पोस्ट साझा किया है. पति रॉकी जायसवाल के साथ मालदीव में छुट्टियां मना रहीं हिना ने रिश्तों, प्यार और इंटीमेसी पर खुलकर अपनी बात रखी. हिना ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने अपने पति द्वारा लिखा गया एक खास नोट दिखाया. यह छोटा-सा जेस्चर हिना को भावुक कर गया. उन्होंने बताया कि बीते 13 वर्षों से रॉकी लगातार उन्हें प्यार, सम्मान और अपनापन महसूस कराते आए हैं. अपने पोस्ट में हिना ने लिखा कि यह रॉकी के प्यार जताने का तरीका है और यही उनकी 'लव लैंग्वेज' रही है. चाहे वे दुनिया के किसी भी कोने में हों, रॉकी उनके लिए प्यार भरे नोट छोड़ना नहीं भूलते. हिना ने खुद को बेहद खुशकिस्मत बताते हुए कहा कि जब आपका साथी आपकी मेहनत, संघर्ष और भावनाओं को समझे और हर दिन पहले से ज्यादा प्यार दे, तो वह एहसास अनमोल होता है.



# द राजासाब का नया ट्रेलर धमाका रिलीज

**प्रभास-स्टारर 'द राजासाब' के निर्माताओं ने फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया है. इसमें कहानी की और संजय दत्त के दिलचस्प किरदार की झलक दिखायी गयी है. प्रभास की मुख्य भूमिका वाली फिल्म के ट्रेलर में संजय दत्त के साथ उनका टकराव दिखाया गया है, जिन्हें ऐसे खौफनाक खलनायक के रूप में चित्रित किया गया है, जिसमें सम्मोहन से डर पर काबू करने की क्षमता है.**

फिल्म में प्रभास 'राजासाब' का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी दादी से गहराई से जुड़े हैं. राजासाब की दादी के किरदार में जरीना वहाब हैं.

ट्रेलर के अनुसार, राजासाब कुछ सवालों का उत्तर जानने के लिये एक सुनसान हवेली में जाता है, लेकिन खुद को ऐसी जगह फंसा पाता है, जहां दिमाग शरीर के खिलाफ काम करने लगता है. संजय दत्त का किरदार शांत लेकिन खतरनाक है. वह जोर-जबरदस्ती के बजाय सम्मोहन पर निर्भर है. ट्रेलर में बोमन ईरानी को रहस्यमयी मनोचिकित्सक, सम्मोहनकर्ता और पारलौकिक घटनाओं के अन्वेषक के रूप में भी दिखाया गया है, जो फिल्म के पारलौकिक तत्व को आधार देता है. मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार कहानी में भावनात्मक गहराई जोड़ते हैं. मारुति निर्देशित और टी जी विश्व प्रसाद की ओर से पीपल मीडिया फैक्ट्री बैनर के तहत निर्मित, 'द राजासाब' में प्रभास, संजय दत्त, बोमन ईरानी, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार और जरीना वहाब सहित कई कलाकार हैं. प्रभास ने नया ट्रेलर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया.

## नए साल को लेकर सितारों की खास तैयारियां!




**नया** साल आते ही हर कोई नई उम्मीदों, खुशियों और नए संकल्पों के साथ उसका स्वागत करता है. इस खास मौके पर एण्डटीवी के लोकप्रिय कलाकार अपने नए साल के जश्न और परंपराओं के बारे में बता रहे हैं. इनमें शामिल हैं सीरत कपूर ('घरवाली पेड़वाली' की सावी), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी). सीरत कपूर, जोकि 'घरवाली पेड़वाली' में सावी का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, 'मेरे लिए नया साल खुद से जुड़ने और नए सिरे से सोचने का समय होता है. मैं साल के आखिरी दिन थोड़ा ठहरकर बीते पलों को याद करती हूं-क्या सीखा, क्या पाया और किन लोगों ने साथ दिया. इस साल मैं घर पर परिवार और दोस्तों के साथ एक सादा-सा जश्न मनाऊंगी. घर का बना खाना, कुछ मजेदार खेल और एक 'आभार बॉक्स' होगा, जिसमें हर कोई लिखेगा कि वह किस बात के लिए शुक्रगुज़ार है. मेरा संकल्प है कि आने वाले साल में मैं अपनी सेहत और मानसिक शांति पर ज्यादा ध्यान दूं.'

## केबीसी 17 को मिला दूसरा करोड़पति



**केबीसी** 17 के हालिया एपिसोड में दर्शकों को एक ऐसा पल देखने को मिला, जिसने शो को और भी खास बना दिया. रांची के बिप्लब बिस्वास ने फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड जीतकर हॉटसीट तक का सफर तय किया और फिर इतिहास रच दिया. हॉटसीट पर बैठने से पहले उन्होंने अमिताभ बच्चन से गले मिलने की इच्छा जताई, जिसे बिग बी ने मुस्कुराते हुए पूरा किया. बिप्लब ने शो के दौरान बताया कि वह सीआरपीएफ में इंस्पेक्टर हैं और बीजापुर जैसे कठिन इलाकों में तैनाती के दौरान किस तरह जंगल में हालात से जूझना पड़ता है. उन्होंने देश के लिए शहीद हुए अपने साथियों का जिक्र किया, जिस पर वह भावुक हो गए. इस मौके पर अमिताभ बच्चन ने उन्हें संबल दिया. खेल शुरू होते ही बिप्लब का आत्मविश्वास साफ़ झलकने लगा. उन्होंने बिना किसी लाइफलाइन के 5 लाख रुपये तक का सफर तय किया. 12 लाख 50 हजार के सवाल पर ऑडियंस पोल और 25 लाख के सवाल पर संकेत सूचक का इस्तेमाल किया. 50 लाख के लिए उन्होंने 50-50 लाइफलाइन ली. इसके बाद आया सबसे बड़ा पल — 1 करोड़ रुपये का सवाल. सवाल सुनते ही बिप्लब ने कहा कि वह किसी का समय बर्बाद नहीं करना चाहते और सीधे विकल्प डी चुनने की बात कही. कुछ ही सेकंड में जवाब लॉक किया गया और वह सही साबित हुआ. यह देखकर अमिताभ बच्चन भी हैरान रह गए.



# शरीर की रोशनी का वैज्ञानिक

**क्या इंसान,** जानवर और पौधे सचमुच अंदर से चमकते हैं? हाल ही में कनाडा की यूनिवर्सिटी ऑफ कैलगरी के वैज्ञानिकों की एक खोज ने इस सवाल को फिर से चर्चा में ला दिया है. वैज्ञानिकों ने 2025 में पहली बार विशेष कैमरों की मदद से जीवित प्राणियों से निकलने वाली बेहद हल्की रोशनी की तस्वीरें ली हैं. इस खोज के बाद कुछ लोग इसे आत्मा या प्राणवायु से जोड़ रहे हैं, लेकिन विज्ञान इसकी बिल्कुल अलग व्याख्या करता है. वैज्ञानिकों के मुताबिक, इस हल्की रोशनी को जैव-फोटॉन या अल्ट्रा-कमज़ोर फोटॉन उत्सर्जन कहा जाता है. यह कोई रहस्यमयी शक्ति नहीं, बल्कि शरीर के भीतर चल रही सामान्य जैव-रासायनिक प्रक्रिया का परिणाम है.


## कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर एवं पदेन उप सचिव
## म.प्र. शासन, राजस्व विभाग

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0021/अ-82/2025-26

क्रमांक : 1408/भू-अर्जन/री-1/2025 — इन्दौर, दिनांक : 26.12.2025

**लोक सूचना**

**भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 नोटिस अन्तर्गत धारा 21 (1) (2) (3) (4) (5) एवं धारा 22 (1) (2)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची-1 में वर्णित भूमि का शासन उसके उल्लेखित प्रयोजन **(इन्दौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड मार्ग के मध्य 4-लेन मय पेव्हड शोल्डर योजना अन्तर्गत मार्ग निर्माण हेतु)** के लिए आवश्यकता होने से अधिग्रहण करना चाहता है, अत: सरकार का आशय भूमि का कब्जा लेने का है। अतएव उन समस्त व्यक्तियों को जो उस भूमि पर हित रखते हो को **नोटिस दिनांक से 30 दिवस के अन्दर** स्वत: या अपने अभिकर्ता या अधिवक्ता द्वारा **न्यायालय भू-अर्जन अधिकारी कलेक्टर कार्यालय जिला इन्दौर में या अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग हातोद, जिला इन्दौर में दिनांक 25.01.2026 को समय प्रात: 10:30 बजे उपस्थित होकर** भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों में अपने हितों की प्रकृति तथा ऐसे हितों के लिए प्रतिकर के उनके दावों की रकम और विशिष्टियां, धारा 12/धारा 20 के अधीन किए गए मापमानों के संबध में भूमि एवं अन्य परिसम्पत्ति के प्रतिकर इत्यादि संबंधी दावों का पूर्ण विवरण राशि, माप तथा पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के पात्र हितग्राही को धारा 31 के तहत मिलने वाले लाभ आदि सम्बन्धित आपत्तियां यदि कोई हो तो लिखित तौर पर प्रस्तुत करें और अपने दावे/आपत्तियों के समर्थन में जो भी अभिलेखीय साक्ष्य रखतें हों वह साथ में प्रस्तुत करें अन्यथा समय सीमा उपरान्त प्रस्तुत होने वाली किसी भी आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जाएगी।

**अनुसूची-1**

**(1) भूमि का वर्णन**
(क) जिला - इन्दौर
(ख) तहसील - हातोद
(ग) ग्राम - **जम्बुर्डी सरवर**
(घ) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल - **18.212 हेक्ट.**

| सरल क्र. | खाता क्रमांक | भूमि स्वामी का नाम | वर्तमान भूमि खसरा नं. | कुल रकबा (हे. में) | प्रभावित रकबा हेक्ट. में | अर्जित भूमि का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1. | 1 | ईश्वरसिंह पिता दशरथसिंह जाति राजपूत | 422/3/1 | 1.466 | 0.660 | सिंचित |
| 2. | 2 | बनेसिंह नरसिंह पिता उदयसिंह भूरीबाई पति विक्रमसिंह रवि सोनू चेतना पिता विक्रमसिंह जाति बलाई | 389/1/1 | 0.180 | 0.093 | सिंचित |
| 3. | | | 426/3 | 0.253 | 0.095 | सिंचित |
| 4. | 3 | कल्याणसिंह पिता कमलसिंह जाति राजपूत | 2/1/2/1 | 0.443 | 0.295 | सिंचित |
| 5. | 4 | केवलसिंह पिता विक्रमसिंह जाति राजपूत | 417/1/2 | 0.443 | 0.136 | सिंचित |
| 6. | 5 | मेहरबानसिंह पिता रघुनाथसिंह पता जम्बुर्डी सरवर | 252 | 1.559 | 0.616 | सिंचित |
| 7. | | | 253 | 0.818 | 0.032 | सिंचित |
| 8. | | | 12/2/2/1 | 0.879 | 0.212 | सिंचित |
| 9. | | | 251/1/1 | 0.554 | 0.256 | सिंचित |
| 10. | 6 | मनोहर पिता कमलसिंह जाति राजपूत | 2/1/1/1/3 | 0.680 | 0.060 | सिंचित |
| 11. | 7 | मनोहर पिता कमलसिंह जाति राजपूत | 2/1/2/2 | 0.885 | 0.475 | सिंचित |
| 12. | 8 | प्रेमबाई पति मनोहर सिंह जाति राजपूत | 2/1/1/2 | 0.898 | | सिंचित |
| 13. | 9 | मनोहर सिंह पिता उमराव सिंह जाति राजपूत पता जम्बुर्डी सरवर | 22 | 3.408 | 0.186 | सिंचित |
| 14. | 10 | मनोज पिता बद्रीलाल छाडिया जाति ढोली | 424/1 | 0.190 | 0.173 | सिंचित |
| 15. | 11 | मलखानसिंह पिता दशरथसिंह जाति राजपूत | 422/3/2 | 0.961 | 0.285 | सिंचित |
| 16. | | | 420/4 | 0.961 | 0.025 | सिंचित |
| 17. | 12 | हिरालाल पिता रामाजी जाति सुतार | 293/1/1/1 | 2.769 | 1.011 | सिंचित |
| 18. | 13 | प्रियंका पति सौरभ जैन सौरभ पिता शरदचंद्र जैन | 383/2/2/1 | 0.190 | 0.153 | व्यावसायिक |
| 19. | 14 | दिलीप पिता सुरतसिंह जाति राजपूत | 426/1/2 | 0.013 | 0.005 | सिंचित |
| 20. | 15 | दिलीपसिंह लाखनसिंह पिता सज्जनसिंह जाति राजपूत | 462/4 | 0.253 | 0.123 | सिंचित |
| 21. | | | 462/3 | 1.265 | 0.589 | सिंचित |
| 22. | 16 | विक्रमसिंह पिता मुलचन्द इन्दौर | 422/1/3 | 2.172 | 0.525 | सिंचित |
| 23. | 17 | विक्रम पिता नारायणसिंह जाति राजपुत | 469/2 | 2.170 | 0.538 | सिंचित |
| 24. | 18 | हुकमसिंह पिता प्रेमसिंह ताराबाई पिता हुकमसिंह सोहनसिंह भारतसिंह पिता हुकमसिंह जाति राजपूत | 12/2/2/2 | 1.651 | 0.770 | सिंचित |
| 25. | 19 | भूरीबाई बेवा विक्रमसिंह रवि पिता विक्रमसिंह, सोनू पिता विक्रमसिंह, चेतना पिता विक्रमसिंह जाति बलाई | 387/1/3 | 0.253 | 0.002 | सिंचित |
| 26. | | | 387/2/1/2 | 1.868 | 0.670 | सिंचित |
| 27. | 20 | पवनबाई बेवा मलखानसिंह प्रथम जाति राजपूत पता भंग्या, प्रियंकाबाई बेवा मलखानसिंह द्वितीय दीपेन्द्र राजवीर पूजा कुंवारी सानिया पिता मलखानसिंह जाति राजपूत | 294/2 | 0.846 | 0.360 | सिंचित |
| 28. | 21 | प्रेमसिंह पिता अनारसिंह जाति राजपूत | 387/1/1 | 1.155 | 0.046 | सिंचित |
| 29. | 22 | रामीबाई पिता मेहरबानसिंह जाति राजपूत | 12/2/1 | 2.784 | 0.700 | सिंचित |
| 30. | 23 | रामगोपाल पिता कचरूलाल जाति दर्जी | 463/2/1 | 0.028 | 0.002 | सिंचित |
| 31. | 24 | राजेश गिरी पिता रमेश गिरी पता हातोद, वीणा जैन पति पुखराज जैन | 295/1 | 0.915 | 0.050 | सिंचित |
| 32. | 21 | राजेश लक्ष्मण माया पिता हीरालाल जाति सुतार | 293/2 | 1.214 | 0.035 | सिंचित |
| 33. | 25 | राजेन्दसिंह पिता नारायणसिंह नारायणसिंह पिता लक्ष्मीनारायण जाति राजपूत | 420/1 | 1.456 | 0.708 | सिंचित |
| 34. | 26 | राजूबाई बेवा कंचनसिंह कप्तानसिंह लाड़कुंवर हरकुंवर पिता कंचनसिंह जाति राजपूत | 386/2 | 0.611 | 0.475 | सिंचित |
| 35. | | | 384/2 | 0.850 | 0.559 | सिंचित |
| 36. | 27 | रतन सिंह कलाबाई सोरमबाई पिता भवरसिह जाति राजपूत | 23/3 | 0.607 | 0.082 | सिंचित |
| 37. | | | 2/4 | 1.267 | 0.315 | सिंचित |
| 38. | 28 | रतनसिंह पिता भवंरसिंह राधाबाई बेवा समदंर सिंह सुमेरसिंह सीमाबाई विष्णबुाई ललिताबाई पिता समंदर सिंह जाति राजपूत | 2/2/2/1 | 2.150 | 0.076 | सिंचित |
| 39. | | | 23/2 | 0.247 | 0.030 | सिंचित |
| 40. | 29 | रेखाबाई बेवा राजेंद्रसिंह शिवानी शीतल पिता राजेंद्रसिंह राजवीर खुशी हर्षिता पिता राजेद्र अज्ञानपालनकर्ता रेखाबाई जाति राजपूत | 421 | 2.938 | 0.001 | सिंचित |
| 41. | 30 | शरदचंद्र पिता अनोखीलाल जैन व किरण पति शरदचंद्र जैन | 383/2/1 | 0.576 | 0.053 | सिंचित |
| 42. | 31 | सीताबाई पति मोतीलाल जाति सुतार | 292/4 | 0.836 | 0.095 | सिंचित |
| 43. | 32 | सीताराम पिता रामाजी | 424/2 | 0.708 | 0.435 | सिंचित |
| 44. | 33 | सोहनसिंह पिता विक्रमसिंह | 425/2/2 | 0.059 | 0.057 | सिंचित |
| 45. | 34 | सुभाषचन्द्र पिता कैलाशचन्द्र जाति बसोड | 426/1/1 | 1.174 | 0.515 | सिंचित |
| 46. | 35 | सुन्दरलाल पिता कचरूलाल | 463/2/2 | 0.782 | 0.412 | सिंचित |
| 47. | 36 | सेवा भूमि पता निवासी ग्राम सेवा खातेदार | 1 | 2.808 | 0.130 | सिंचित |
| 48. | 37 | सजनबाई बेवा रतनकसिह पता जम्बुर्डी सरवर | 13 | 0.506 | 0.248 | सिंचित |
| 49. | 38 | तकैसिंह पिता उमरावसिंह जाति राजपूत पता जम्बुर्डी सरवर | 17 | 3.835 | 0.698 | सिंचित |
| 50. | 39 | नीरजसिंह पिता इंदरसिंह चौहान | 294/1 | 0.846 | 0.256 | सिंचित |
| 51. | | | 251/1/2/2 | 1.367 | 0.246 | सिंचित |
| 52. | 40 | नारायणसिंह पिता लक्ष्मण सिंह राजपूत | 469/1 | 3.598 | 0.919 | सिंचित |
| 53. | 41 | नन्दूबाई बेवा गजराजसिंह हमेसिंह कलाबाई पिता गजराजसिंह जाति राजपूत | 14/6 | 0.684 | 0.540 | सिंचित |
| 54. | 42 | अमृतबाई बेवा जसवंत सिंह व दिलीप सिंह पिता जसवंत सिंह जाति राजपूत | 2/1/1/1/4 | 0.770 | 0.071 | सिंचित |
| 55. | | | 23/4 & 23/1/4 | 0.848 | 0.148 | सिंचित |
| 56. | 43 | ओंकारलाल पिता मांगीलाल जाति बलाई | 389/3 | 0.089 | 0.001 | सिंचित |
| 57. | 44 | अजय पिता बहादुरसिंह जाति राजपूत | 15/1 | 0.251 | 0.050 | सिंचित |
| 58. | | | 14/1/1/3 | 0.681 | 0.500 | सिंचित |
| 59. | 45 | अजयसिंह पिता ईश्वरसिंह जाति राजपूत | 422/1/1 | 0.379 | 0.070 | सिंचित |
| 60. | 46 | गोकुलसिंह पिता विक्रमसिंह | 425/2/1 | 0.058 | 0.003 | सिंचित |
| 61. | 47 | लीलाबाई पति समन्दरसिंह जाति राजपूत | 292/5 | 0.835 | 0.495 | सिंचित |
| 62. | 48 | लाखनसिंह शिवसिंह पिता बापूसिंह सन्तोष बाई प्रेमबाई पिता बापूसिंह जाति राजपूत | 385/3/4 | 0.359 | 0.021 | सिंचित |
| 63. | | | 385/3/2 | 0.864 | 0.210 | सिंचित |
| 64. | 49 | लाखनसिंह शिवसिंह पिता बापूसिंह जाति राजपूत | 386/1 | 0.611 | 0.235 | सिंचित |
| 65. | | | 384/1 | 0.850 | 0.380 | सिंचित |
| | | | | कुल रकबा | 18.212 | |

हस्ता./- (शिवम वर्मा)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
म.प्र. शासन, राजस्व विभाग, जिला इन्दौर (म.प्र.)

म.प्र. माध्यम/123771/2025